**विकास की खुली पोल : रात के अंधेरे में गुप्त रूप से कर रही थी पुल की ढलाई**

# चुंगरू में ढलाई के कुछ घंटे में ही ढह गयी पुलिया की छत

मयंक विश्वकर्मा ।बरवाडीह



बरवाडीह(लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में हो रहे विकास की योजनाओं पर लगातार गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे हैं. बावजूद इसके संबंधित विभाग और संवेदक को के ऊपर न तो कोई कारवाई होती है और ना ही कोई असर होता है. ताजा मामला बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरू पंचायत से सामने आया है. यहां एक पुल का निर्माण कार्य कर रही कंपनी एसएस कंस्ट्रक्शन के द्वारा रविवार की रात गुप्त रूप से पुल की छत को ढाला गया. लेकिन सुबह होते ही पुल की छत भरभारा कर नीचे गिर गई. भ्रष्ट सिस्टम और विभाग की मिलीभगत से हो रहे इस पुल निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की पोल खुल गई. बता दें कि पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा गुणवत्ता को ताख पर रखकर घटिया मेट्रियल और अन्य सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है. पुल के पास रखे नदी के मृत पत्थरों को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस प्रकार से पुल निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है. संवेदक ग्रामीणों की जान के साथ खेल रहा है गनीमत रही की पुल गिरते वक्त कोई भी व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था, अन्यथा कोई बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है.

**कई बार सड़क पर उतर कर विरोध कर चुके हैं ग्रामीण :** ग्रामीणों ने पहले भी निर्माण कार्य करा रही कम्पनी एसएस कंस्ट्रक्शन पर सवाल उठाए है. कंपनी के ठेकेदारों द्वारा पुल के साथ सड़क का भी निर्माण करवाया गया है. लेकिन सड़क कल्लीकरण कराए जाने के एक सप्ताह के बाद सड़क उखड़ने लगी. ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर कई बार विरोध प्रदर्शन किया था. लेकिन जब जब अधिकारियों के कानों तक ग्रामीणों की आवाज पहुंचती तब तक अधिकारियों ने उसे सड़क की मरम्मती करवा दी. लेकिन इस बार एक बड़ा हादसा होने से बच गया है. अब देखना यह है कि विभाग द्वारा संवेदक पर क्या कार्रवाई की जाती है.

### अमवाटीकर पुल के पास धंस गई है नवनिर्मित सड़क

ज्ञात हो की अगस्त माह में अमवाटीकर पुल के पास सड़क धंस गई थी. विभाग को जानकारी होते हुए भी इसे नजर अंदाज किया जा रहा है और गड्ढे को भरकर खानापूर्ति की जा रही है. पुल के दोनो ओर 20 से 30 फिट तक मिट्टी का भरावट कर उसके ऊपर से सड़क बना दिया गया. पुल के पास की गई भरावट में न तो गार्डवाल बनाया गया है और न ही बोल्डर पिचिंग की गई. जिसके कारण पहली बारिश में सड़क के नीचे से भरावट की गई मिट्टी बह गई और सड़क धस गई. वहीं स्थानीय पंचायत वासियों में विभाग और संवेदक (ठिकेदार) के खिलाफ काफी नाराजगी देखी जा रही है. पंचायत के लोग एक बार फिर सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने का मूड बना रहें है.

**मनरेगा में गड़बड़ी की लोकपाल ने जांच में आरोप सही पाया**

# बीपीओ समेत 19 मनरेगा कर्मियों पर होगी कार्रवाई

आशीष टैगोर ।लातेहार

मनरेगा की योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में जिले के बालुमाथ प्रखंड के तत्कालीन बीपीओ समेंत 19 मनरेगा कर्मियों की पर प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी. राज्य सरकार ने इसे ले कर आदेश जारी किया है. इन मनरेगा कर्मियों की संविदा भी रद्द की जायेगी. शुभम संदेश ने जब इस बाबत उपायुक्त गरिमा सिंह ने पूछा तो उन्होने कहा कि सरकार का आदेश प्राप्त हुआ है और इन मनरेगा कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी. बता दें कि इस खबर को शुभम संदेश ने प्रमुखता से छापा था.

### क्या है मामला

जिले के बालूमाथ प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में मनरेगा योजनाओं टीसीबी व मेंढ़बंदी को बिना सिक्योर पीओ लॉगिन के द्वारा अप्रुव किये ही ऑनगोइंग एवं पूरा करने का आरोप है. जब इसका खुलासा हुआ तो आरोपों की जांच लातेहार के लोकपाल के द्वारा करायी गयी थी. जांच मे आरोपों को सही पाया गया था. ग्रामीण विकास विभाग ने जुलाई में ही गबन की राशि की वसूली सरकारी पदाधिकारी व कर्मियों करने एवं उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने एवं संविदा कर्मियों की संविदा रद्द कर उन पर प्राथमिकी करने का निर्देश दिया था. ग्रामीण विकास विभाग के कार्रवाई कर 15 दिनों के अंदर रिपोर्ट मांगी गयी थी. प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने पर इस बार सरकार ने सात दिनों के अंदर कार्रवाई कर प्रतिवेदन सौंपने का नि र्देश दिया है.

**डीसी ने कहा -होगी कार्रवाई**




**खास बातें**

- राज्य सरकार ने जारी किया आदेश
- शुभम संदेश ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर



**इन पर होगी प्राथमिकी**

जांच में बीपीओ मुजफ्फर कमाल, कंप्यूटर आपरेटर अभिषेक साहु व रोहित कुमार केशरी, बीएफटी प्रबील राम व ललन कुमार, जीआरएस शत्रुधन महतो, सीताराम मिस्त्री, रानी कुमार, उपेंद्र यादव, अजय भगत, समसूल हक, सत्तेंद्र पासवान, हीरालाल सिंह, सुरेंद्र पासवान, निरंजन कुमार, सुजीत कुमार सिंह, शत्रुधन महतो, सुरेंद्र कुमार व राजेश प्रसाद दोषी पाये गये थे. सरकार ने इन पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है.

### मोटरसाइकिल और टेंपो की टक्कर में पांच जख्मी


**छतरपुर(पलामू)।** छतरपुर के नाग बाबा मोहल्ला के समीप बजाज बाइक शो रूम के सामने सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे मोटरसाइकिल व टेंपो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई. इस घटना में बाइक सवार दो व टेंपो सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. गंभीर रूप से जख्मी टेंपो सवार चौखड़ा निवासी नागदेव यादव (22) पिता हरिहर यादव का छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया. वहीं बाइक सवार हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पड़रिया निवासी बिरेंद्र सिंह का पुत्र अनीश कुमार और उसके साथ बैठी नामुदाग के उमेश सिंह की बेटी चंचल कुमारी और टेम्पु पर बैठी एएनएम कंचन कुमारी और संध्या कुमारी को जख्मी हालत में छतरपुर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया. अनीश का एक पैर और हाथ टूट गया है जिस कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर रेफर कर दिया गया. एएनएम कंचन कुमारी ने बताया कि दोनों एएनएम मेदिनीनगर से टेम्पु से छतरपुर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी करने आ रही थी. इसी दौरान नाग बाबा के समीप तेज रफ्तार से बाइक चला रहे अनीश ने टेम्पु में धक्का मार दिया. इधर घटना के बाद से टेंपो चालक फरार हो गया है. वहीं पुलिस ने टेम्पु व बाइक को जब्त कर लिया है.

## हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा विधायक ने लिया लालटेन का सहारा

संजीत यादव ।मेदिनीनगर

पांकी के भाजपा विधायक शशि भूषण मेहता हेमंत सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ लालटेन का सहारा लेने के लिए मजबूर हैं. वे लालटेन और ढिबरी लेकर पांकी के सैकड़ों लोगों के साथ रांची में सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे. विधायक शशि भूषण मेहता ने लगातार न्यूज से बातचीत के दौरान बताया कि पांकी के कई इलाकों में कई महीनों से बिजली गोल है. कई इलाकों में तो ट्रांसफार्मर भी खराब है, जिसके कारण ग्रामीण घर में ढिबरी और लालटेन जलाकर गुजर बसर कर रहे हैं. लोग मोबाइल चार्ज करने के लिए 50 किलोमीटर दूर जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि मैंने लगातार बिजली विभाग के जीएम को बिजली की समस्या और ट्रांसफार्मर खराब होने का अवगत कराता आया हूं और उसे जल्द ठीक करवाने की मांग भी कई बार की. लेकिन विभाग की ओर से अभी तक एक भी ट्रांसफार्मर नहीं दिया गया. उन्होंने कहा कि अगर 5 तारीख तक विभाग ट्रांसफार्मर नहीं देती है तो विभाग के खिलाफ ढिबरी और लालटेन लेकर पांकी के सैकड़ों लोगों के साथ रांची में धरना देंगे. उन्होंने बिजली विभाग पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि विभाग पैसे लेकर ट्रांसफार्मर को ब्लैक में बेच दे रही है. जिसके कारण जरूरतमंद ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है.

उन्होंने बताया कि हमारे पास प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवास पर पहुंच रहे हैं, लेकिन मैं मजबूर हूं. उन्होंने सरकार और बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पैसे लेकर विरोधियों को ट्रांसफार्मर दिया जा रहा है. लेकिन कई दिनों से ट्रांसफार्मर की हमारी मांग पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया.



**खास बातें**

- लोग मोबाइल चार्ज करने के लिए 50 किमी दूर जा रहे हैं
- विभाग के खिलाफ लालटेन लेकर लोगों के साथ रांची में धरना देंगे

## झारखंड सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही है: बैद्यनाथ

संवाददाता ।लातेहार

स्थानीय विधायक सह राज्य के शिक्षा एवं उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए काम रही है सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके के लोगों को मिल रहा है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य की जनता को ध्यान मे रखते हुए कई कल्याण कारी योजना शुरू की है. जिसके तहत 200 यूनिट से कम बिजली बिल आने पर बिजली बिल माफी योजना शुरू की है.

इसके तहत जिले के 93 हजार 839 उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ किया है. इसके एवज मे राज्य सरकार ने 73 करोड़ 36 लाख 73 हजार 43 रुपया बिजली विभाग को दिया है. श्रीराम ने कहा लोगों से सरकार ने किया वादा पूरा कर रही है.विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं रह गया. केवल लोगों में भ्रम फैलाकर झूठ बोलकर सरकार को बदनाम करने का काम रह गया है.आने वाले चुनाव में जनता इनको सबक सिखाकर रहेगी.

श्री राम जिला मुख्यालय के विद्युत प्रमंडल कार्यालय मे सोमवार को मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र वितरण शिविर को संबोधित कर रहे थे. इससे पहले विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता शमशाद आलम, कार्यपालक अभियंता आईटी प्रकाश कुमार, सहायक अभियंता राजदेव भगत व कनीय अभियंता अंकित कुमार ने मंत्री श्री राम को बुके देकर स्वागत किया. मंत्री ने आगे कहा कि जितने उपभोक्तओं का बिजली बिल माफ हुआ है सभी को प्रमाण पत्र मिलेगा ताकि बिजली बिल आने पर आप उसे विभाग को दिखा सकें कि राज्य सरकार ने आपका बिजली बिल माफ कर दिया है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि आगे भी बिजली बिल माफ किया जाये. उन्होंने कहा कि सभी लोग जरूरत के हिसाब से ही बिजली का उपयोग करे ताकि आपका 200 यूनिट से अधिक बिजली नही उठ सके. मौके पर मंत्री श्री राम ने सांकेतिक रूप से दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओ के बीच बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया. मौके पर झामुमो जिला सचिव समशूल होदा, रिजवान अली, विरेंद्र पाठक, कृष्णा गुप्ता, जय कुमार भगत, ओम प्रकाश प्रसाद, राजू प्रसाद, रविंद्र प्रजापति, प्रदीप पाठक व अब्बास अली समेत कई लोग उपस्थित थे.



शिविर में सर्टिफिकेट देते मंत्री बैद्यनाथ राम.

**समीक्षा** **समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक, अद्यतन स्थिति की समीक्षा की**

# डीसी ने दिया राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश

संवाददाता ।लातेहार



उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया. बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की. उन्होने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. बैठक के दौरान डीसी ने परिवहन, उत्पाद, खनन, नगर पंचायत, विद्युत, मत्स्य विभाग से राजस्व संग्रहण हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए. राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेयांश समेंत जिले के सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे.

**उपायुक्त ने निवार्चन कार्य की समीक्षा की :** लातेहार। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन व्यय के निमित सभी इनफोर्समेंट एजेंसियों की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में उपायुक्त ने जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित जानकारी एवं विभाग स्तर पर वांछित प्रशिक्षण प्राप्त होने से संबंधित जानकारी ली. उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार को वन विभाग के द्वारा संचालित चेकनाका की सूची उपलब्ध कराने एवं डीएलबीसी को जिला अंतर्गत संचालित सभी बैंकों के पदाधिकारियों का इएसएमएस पर लॉगिन बनाने का निर्देश दिया.

### स्थायी लोक अदालत ने पिता-पुत्र को मिलाया

**लातेहार।** जिले के गारू थाना क्षेत्र के धांगरटोला निवासी रामकुमार सिंह ने स्थायी लोक अदालत में एक वाद दायर कर अपने एक पड़ोसी पर उसके इंजीनियर पुत्र को उससे मिलने नहीं देने और अपने साथ रखने का आरोप लगाया था. इसके बाद स्थायी लोक अदालत ने रामकुमार के पड़ोसी को नोटिस जारी किया. नोटिस जारी होने के बाद दोनो पक्ष सोमवार को स्थायी लोक अदालत में उपस्थित हुए. जांच में पता चला कि रामकुमार का पुत्र पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से मैरिज रजिस्ट्रार, लातेहार के कार्यालय में नवंबर 2023 में ही शादी कर चुका है. इसके बाद राजा पड़हा समिति, मांडर में आदिवासी रीति रिवाज से शादी किया. अब रांची में एक किराये के मकान में पति पत्नी के रूप में रहता है.

**ब्रीफ खबरें**

### पोलडीह में मां भगवती मंदिर का निर्माण पूर्ण

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह गांव में मां भगवती मंदिर का नवनिर्माण लगभग पूर्ण हो गया है. प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 3 अक्टूबर से यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा. इसे लेकर यज्ञ मंडप निर्माण में कारीगर युद्ध स्तर पर जुटे हैं. इस संबंध में पोलडीह पंचायत के पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ टुना सिंह ने कहा कि देवी मंदिर परिसर से कलश यात्रा 2 अक्टूबर को निकाला जाएगा जो 9 दिनों तक यज्ञ मंडप में आहुति की जाएगी. उन्होंने कहा कि यज्ञ के कलश यात्रा में शामिल होने के लिए हुसैनाबाद के नौ पद स्थापित आईएएस सह एसडीओ कृष्णकांत कांवड़िया को भी आमंत्रित किया .

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 17 से, तैयारी में जुटे लोग

**उंटारी रोड(पलामू)।** प्रखंड के चर्चित देवस्थल शिव संपत धाम मंदिर परिसर में 17 अक्टूबर से 22अक्टूबर तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का होगा. इसकी जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष अरबिंद सिंह ने दी है. उन्होंने बताया की 17 अक्टूबर को कलश यात्रा व 22 अक्टूबर को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी. यज्ञ को लेकर तैयारी जोरों पर है. 15 अक्टूबर से प्रवचन होगा. पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी के सानिध्य में होगा. लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में कथा वाचक के रुप में रामकथा वाचक अयोध्यानाथ स्वामी जी होंगे.

### मगध में विस्थापित ट्रक मालिकों की हुई बैठक

**बालूमाथ।** उप प्रमुख कामेश्वर राम की अध्यक्षता में मगध कोलियरी के विस्थापित व प्रभावित ट्रक मालिक और लिफ्टर की बैठक चमातु स्थित पहाड़ी मंदिर के मैदान में हुई. जिसमें अखबारों के माध्यम से फॉर्मेट के नाम पर अवैध वसूली किये जाने के आरोप पर विस्तार से चर्चा की गयी. विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एवं लिफ्टरों ने इस प्रकार की खबर को निराधार, भ्रामक एवं सत्य से परे बताया. और इस प्रकार के किसी भी गतिविधि से साफ इनकार किया. अपने हक व अधिकार के लिए एकजूट रहने का संकल्प भी लिया.

### कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए कट्टीबद्ध है विद्यालय : अविनाश

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा चल रही है. कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए पूरा विद्यालय प्रशासन लगी हुई है. क्लास रूम में शिक्षक कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करने के लिए तैनात है. बच्चों पर पैनी नजर रख रहे हैं. वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर इम्तिहान जांच के लिए विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने क्लास निरीक्षण किया. अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम विद्यालय के बच्चे हर प्रतियोगिता में अव्वल स्थान लाए इसके लिए इम्तिहान को सख्त बनाया गया है.

### चार को होगा बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

**बरवाडीह(लातेहार)।** पुराने ब्लॉक परिसर में बिरसा मुंडा एकता मंच के तत्वाधान में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई है. इसका अनावरण आगामी चार अक्टूबर को किया जायेगा. मंच के अध्यक्ष विक्टर केरकेट्टा ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा देश की आजादी के लिए लड़ाई तो लड़ें ही थे. बिरसा मुंडा एकता मंच काफी समय से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को स्थापित करने के लिए प्रयासरत थे जो अब पूर्ण हुआ है. उपाध्यक्ष सिप्रियन मिंज और सचिव शशि भूषण तिवारी ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की शहादत को सदियों तक याद किया जाएगा.

**न्यूज अपडेट**

### जलापूर्ति सिस्टम को बनाने के लिए किया सहयोग



**सतबरवा (पलामू)।** सतबरवा प्रखंड के पांकी विधानसभा क्षेत्र के घुटूआ बाजार में सोमवार को कुशवाहा विनोद सिन्हा ने ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए. ग्रामीणों की मांग पर सिन्हा ने घुटूआ बाजार में खराब पड़े जलापूर्ति सिस्टम को बनाने तथा चबुतरा के लिए 11 हजार रुपए दिए. इस मौके पर सिन्हा ने लोगों की समस्या को समझते हुए कहा कि आपकी हर समस्या का समाधान करूंगा. इन्होंने कहा कि मैं देख रहा हूं कि साधारण सा काम है,रोड,वह बेहद खराब है. पीने की पानी की समस्या है. स्वास्थ्य की व्यवस्था बहुत लचर है. मुझे अगर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला तो मेरी पहली प्राथमिकता है, रोजगार सृजन करना, सिंचाई का साधन उपलब्ध कराना. इस मौके पर क्षेत्र की अगुवाई कर रहे राजेश मिश्रा,फिरायालाल सिंह ,अखिलेश सिंह, चेतन सिंह विनोद भुईयां ,मुकेश सिंह , विनय सिंह ,सोनू सिंह ,प्रेम सिंह, चिंटू सिंह मुख्य रूप से शामिल थे.

### नवगठित विद्यालय प्रबंधन समिति ने की बैठक

**मेदिनीनगर ।** रजवाडीह मध्य विद्यालय में नवगठित प्रबंधन समिति की बैठक हुई. प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने सदस्यों से समिति के दायित्वों व उनके सुझावों के महत्त्व के बारे में संवाद किया. उन्होंने सदस्यों को बताया कि विद्यालय में कम्प्यूटर की शिक्षा आरंभ हो गई है. विभाग द्वारा पदस्थापित लैब इंस्ट्रक्टर अनूप मिश्रा द्वारा कम्प्यूटर की शिक्षा दी जा रही है. बैठक के बाद सदस्यों को कम्प्यूटर कक्ष व स्मार्ट क्लास तथा विद्यालय परिसर का भ्रमण-अवलोकन कराया गया. मौके पर अध्यक्ष पार्वती देवी, संयोजिका रंजु देवी, उपाध्यक्ष ललिता देवी, शिक्षक सदस्य प्रियंका कुमारी, रीता देवी, माया देवी, रूली देवी, गुड्डी देवी, सत्यम कुमार, हेवंती देवी, सुचिता देवी, नीलम देवी, शिक्षिका पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर मौजूद थे.

### विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**पांडू (पलामू)।** बिश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सोमवार को प्रखंड में कई सड़कों का शिलान्यास किया. प्रखंड के मुसीखाप पंचायत खुर्द कजरू गांव दुर्गा बाड़ी के पास मोदासिंह के घर से बख्श बाबा मंदिर तक रोड सुदृढी करन का शिलान्यास एवं महुगावा से कांति गांव तक रोड का शिलान्यास कातिगांव में किया. मौके पर विधायक ने अपने कार्यकाल का बखान किया. वही दुर्गाबाड़ी के पास विवाह मंडप का आधार रखा. ग्रामीण सरजू सिंह के हाथ में 50000 रुपए विवाह मंडप बनाने के लिए दिया. मौके पर भूपेंद्र पांडे, सिनटु सिंह, भारत सिंह, शिक्षक रामचंद्र यादव सहित अन्य ग्रामीण थे.

### विश्व हिंदू परिषद की ग्रामीण समितियां होंगी मजबूत



**मेदिनीनगर।** विहिप- बजरंग दल समिति गठन को लेकर सतबरवा प्रखण्ड के सेहरा गांव में ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड मंत्री मनोज पाठक व संचालन बजरंग दल संयोजक नवल पाठक ने किया. बैठक में सेहरा उपखंड में विश्व हिंदू परिषद समिति का गठन किया गया.अरूण कुमार पाण्डेय को विहिप अध्यक्ष, धीरज कुमार यादव को बजरंग दल संयोजक व ब्रजेश कुमार यादव, उपेन्द्र कुमार गुप्ता व सुनिल कुमार साहू, निरंजन यादव को सह संयोजक चुना गया. साथ ही बलोपासना प्रमुख चंदन यादव, गोरक्षा प्रमुख सुरेश राम, सह प्रमुख राजू यादव व रविन्द्र यादव तथा सत्संग प्रमुख अनिल पाण्डेय और सह प्रमुख विकास कुमार पाण्डेय को बनाया गया है.

### जिप सदस्य ने रखी पंचायत सचिवालय भवन की आधारशिला



**उंटारी रोड( पलामू )।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के सिडहा में जेपी यादव पब्लिक स्कूल के बगल में सरकारी मद से निन्यानबे लाख की लागत से बनने वाली पंचायत सचिवालय भवन की आधारशिला सोमवार को उंटारी रोड जिला पार्षद अरविंद सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण व नारियल फोड़ कर किया. यहां उल्लेखनीय है की पूर्व में बने पंचायत सचिवालय का भवन लहर बंजारी ग्राम में है लेकिन वहां तक सड़क नही रहने के कारण पंचायतवासी को काफ़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता था. जिसे देखते हुए जिला पार्षद अरविंद सिंह के नए पंचायत सचिवालय भवन निर्माण कराने की मांग जिला पार्षद की बैठक में किया था.

### दुर्गा पूजा पंडाल के पास सड़क की हुई मरम्मत

**लेस्लीगंज (पलामू)।** राजहारा गांव में दुर्गा पूजा पंडाल के पास मुख्य सड़क पर गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. यह समस्या न केवल राहगीरों के लिए असुविधाजनक थी, बल्कि पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी परेशानी उत्पन्न कर रही थी. गांव के जागरूक लोगों ने इस समस्या से कुशवाहा बिनोद सिन्हा को अवगत कराया. जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, श्री सिन्हा ने अपनी निजी कोष से सड़क की मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू करवाया. सड़क की मरम्मत से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है. श्री सिन्हा ने कहा, "जनता की सेवा ही मेरा धर्म है, और मैं सदैव उनके हित में कार्य करता रहूंगा.". मौके पर उपस्थित पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव सदस्य गण एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे.

### जन शिकायत समाधान में उमड़ी फरियादियों की भीड़



**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद थाना परिसर में सोमवार को जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नागरिकों ने बारी बारी से अपनी शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी निवारण के लिए झारखंड पुलिस की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहमदगंज, देवरी ओपी व दंगवार ओपी के लोग अपनी शिकायत के निवारण के लिए हुसैनाबाद थाना परिसर में आयोजित जन शिकायत कार्यक्रम में लोगों का मामला का निपटारा किया गया.हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव ने कहा कि पूरे हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र को भय मुक्त व अपराध मुक्त बनाने के लिए हमेशा पहल करुंगा. इस मौके पर हैदरनगर थाना प्रभारी और मोहम्मदगंज थाना प्रभारी, दगवार थाना प्रभारी शामिल रहे.

**पाटन में भी हुई जनसुनवाई :** पाटन थाना में भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमे पाटन थाना, पंडवा थाना, नवाजयपुर थाना के ग्रामीण उपस्थित हुए. अपनी अपनी समस्या को रखा. जिसमे पाटन थाना से 11 शिकायत प्राप्त हुए. जिसमें पांच निस्पादित हुआ, पंडवा थाना से चार आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे दो का निस्पादन हुआ. नवाजायपुर थाना से दो आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें दोनों का निस्पादन किया गया.

सांसद की अध्यक्षता में हुई डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक

# खेल मैदानों की सूची सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

संवाददाता। रामगढ़

जिला समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक हुई. इस दौरान विधायक सुनीता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी आदि उपस्थित रहे.

सर्वप्रथम बैठक में पूर्व में हुई दिशा की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए पोटो हो खेल विकास योजना के तहत संचालित खेल


बैठक में भाग लेते सांसद मनीष जायसवाल व अन्य

मैदानों की सूची सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया. साथ ही खेल मैदान का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल की दिशा में आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया.जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने वर्तमान में जिले में संचालित सखी मंडलों एवं उन्हें मिल रहे लाभ की जानकारी ली. विभिन्न उपायों से जेएसएलपीएस के संगठनों को मजबूत करने, रोजगार से अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.

विद्युत संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने वर्तमान में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की मरम्मति आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. साथ ही उन्होंने नए कनेक्शन हेतु प्राप्त आवेदनों को भी त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया. सामाजिक सुरक्षा शाखा अंतर्गत संचालित विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सभी योग्य लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान ,समेकित बाल विकास योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सांसद के द्वारा सुविधाओं की जानकारी ली गई. उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए.

जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी ली. उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब पड़ी जलापूर्ति योजनाओं अथवा अन्य समस्याओं से बंद पड़े जलापूर्ति योजनाओं को लेकर बृहद रूप से सर्वे करने तथा योजनाबद्ध तरीके से जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मती सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए.

### चुटूपालू घाटी में हो रही दुर्घटनाओं का मामला भी उठा

एनएचएआई के अधिकारियों से चूटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में एलाइनमेंट तथा लाइट का नियमित रूप से कार्य नहीं करने को लेकर सांसद ने कार्यों को गंभीरता से लेने तथा तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया . इन सबके अलावा बैठक के दौरान गोला मार्केटिंग परिसर के सफल संचालन, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट निर्गत किए जाने आदि को लेकर बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए . समिति के सदस्यों द्वारा स्थानीय समस्याओं को सभी के समक्ष रखा गया, जिसके निराकरण को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए . बैठक के दौरान जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे .

## ब्रीफ खबरें

### शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान किया

**हजारीबाग** । अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल युवा मंच, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसो. एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से मारवाड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पारस अग्रवाल, मंत्री विनोद झुनझुनवाला एवं अग्रवाल युवा मंच के कोषाध्यक्ष शुभम रामरायका एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं कोषाध्यक्ष विनीत मुनका मौजूद रहे. शिविर का शुभारंभ विनीत अग्रवाल ने 52वीं बार रक्तदान कर किया.

### भाजपा नेत्री शेफाली ने ग्रामीणों के साथ संवाद

**हजारीबाग**। झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को हजारीबाग के गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित कर चुनाव का शंखनाद करेंगे. इसको लेकर सोमवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सदर विस क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड में जनसंपर्क किया. इसकी शुरुआत गुप्ता ने प्रखंड स्थित कंचनपुर के काली मंदिर में मां काली की दर्शन एवं शुभ आशीर्वाद प्राप्त कर की. इसके बाद शाहपुर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया.

### पूजा पंडाल में कैमरा लगाने का निर्देश

**रामगढ़**। बरकाकाना ओपी परिसर में सोमवार को दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया. बैठक में पतरातु सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमा शंकर वर्मा, दरोगा हरगुदन हॉररो, दरोगा राजेंद्र उरांव मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक में सभी पूजा समिति के पदाधिकारियों को पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया. जिससे शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखा जाए.

### 350 छात्र-छात्राओं के बीच बैग का वितरण

**केरेडारी** ।एनटीपीसी अधीनस्त चट्टीबारियातु कोल खनन परियोजना के द्वारा सोमवार को मध्य विद्यालय पेटो के अध्ययन रत 350 छात्र-छात्राओं के बीच छाते और बैग का वितरित किए गए. इस मौके पर कंपनी के पदाधिकारी ने बताया कि बरसात के दिनों में विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी होती है और चिलचिलाती धूप में बच्चे पसीना पसीना होकर आना-जाना पड़ता है. जिसे बच्चों में हरासमेंट आ जाते है. जिसे पढ़ाई ठीक से नही कर पाते है.

उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकतारा स्कूल का मामला

# एक शिक्षक के भरोसे 211 बच्चों की पढ़ाई

**खास बातें**

- विद्यालय प्रबंधन समिति चुनाव का ग्रामीणों ने किया बहिष्कार
- महिलाओं ने विरोध में लगाए शिक्षक नहीं तो चुनाव नहीं के नारे

संवाददाता। चतरा

जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकतारा एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है. स्कूल में नियुक्त सहायक शिक्षक विनोद कुमार सिंह हिंदी विषय के शिक्षक हैं. उनके अलावा विद्यालय में और शिक्षक की नियुक्ति नहीं है. विद्यालय कक्षा 1 से लेकर 8 तक संचालित है, जिसमें 211 छात्र - छात्राए नामांकित हैं. शिक्षा विभाग के अनुसार 30 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति होना जरूरी है. ऐसे में बच्चे की पढ़ाई भगवान भरोसे चल रहा है. छात्रों की पढ़ाई का स्तर इतना गिरा हुआ है कि वे कक्षा के पूरे विषय का नाम भी नहीं बता पा रहे हैं. सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा भी कई कार्य करने होते हैं, जिसमें निर्वाचन में ड्यूटी, मिड डे मील वितरण, स्कूल भवन निर्माण कार्य, छात्रवृत्ति वितरण, पुस्तक वितरण, यूनिफॉर्म वितरण और परीक्षा ड्यूटी सहित अनेक काम शामिल है. इस तरह से एक विद्यालय का बहुत कार्य होता है. ऐसे में शिक्षक विनोद सिंह तीन महीने से यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं. इससे छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए पूरा समय नहीं मिल पाता है.

वहीं सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव होना था. इसके विरोध में ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में प्रदर्शन करना चालू कर दिया. आक्रोषित ग्रामीणों ने विभाग की लापरवाही बताते हुए कहा कि बच्चे का भविष्य अंधकार में है. सरकार का नारा बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाव पूरी तरह से फेलियर है. बेटी कैसे और कहा पढ़े, सरकार की इसकी कोई चिंता नहीं. तीन माह से एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल का संचालन दुर्भाग्यपूर्ण है. ग्रामीणों ने आगे बताया कि यदि 7 दिनों के अंदर शिक्षक इस विद्यालय में नहीं आते हैं, तो हम सभी ग्रामीण डीईओ ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे. ग्रामीण महिलाएं बस एक ही मांग कर रहे थे की शिक्षक नहीं तो चुनाव नहीं. ग्रामीण महिला प्रीति देवी बताती है तीन माह से एक ही शिक्षक यहां संचालन कर रहे हैं. बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. वहीं पूर्व संयोजिका सुमन कुमारी बताती है कि शिक्षक नही तो चुनाव भी नहीं होगा. 8वीं कक्षा की छात्रा सोनम कुमारी बताती है की हमलोग का पढ़ाई नहीं होता है। मात्र 1 घंटे शिक्षक आते हैं. वहीं 7वीं कक्षा के छात्र रंजन कुमार बताते हैं कि बस हमलोग सिर्फ मध्याह्न भोजन के लिए आते हैं यहां पढ़ाई नहीं होती है.



### क्या कहते हैं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी

इस बाबत पूछे जाने पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कनन कुमार पात्रा ने बताया कि विभाग के द्वारा उम विद्यालय एकतरा से तीन महीना पूर्व एक शिक्षक को ट्रांसफर किया गया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है . जल्द ही एक शिक्षक को भेजा जाएगा .

कॉलेज की समस्याओं को प्रपोजल बनाकर भेजें

# समस्याओं का करेंगे समाधान : सांसद

- चितरपुर कॉलेज में शासी निकाय की बैठक, अध्यक्ष बने सांसद मनीष जायसवाल

संवाददाता। रामगढ़

चितरपुर कॉलेज चितरपुर में सोमवार को शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए. इस बैठक में सांसद मनीष जायसवाल को सर्वसम्मति से कॉलेज के अध्यक्ष पद के लिए चुना गया. इस दौरान सांसद ने कॉलेज की शिक्षण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली. साथ ही शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र - छात्राओं की संख्या से अवगत हुए. सांसद ने कॉलेज प्रबंधन को कई दिशा निर्देश भी दिये. मौके पर उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का भी



साथ ही कॉलेज फंड को देखते हुए शिक्षकों का निर्देश दिया. साथ ही कॉलेज फंड को देखते हुए शिक्षकों का वेतन वृद्धि करने का निर्देश दिया. उन्होंने आगे कहा कि महाविद्यालय में जो भी आवश्यकता है, उसे प्रपोजल बना कर भेजे ताकि कॉलेज की समस्याओं को दूर किया जा सके.

इससे पूर्व सांसद के यहां पहुंचने पर महाविद्यालय सचिव सफीक अनवर, प्राचार्य डॉक्टर संज्ञा, चितरपुर इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो रणवीर कुमार सहित कई लोगों ने बुके देकर स्वागत किया. बैठक में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ रखो हरिप्रसाद, शिक्षक प्रतिनिधि निखत परवीन, पवन दांगी के अलावे भाजपा नेता राजीव कुमार जायसवाल, चंद्रशेखर चौधरी, गणेश प्रसाद, रमेश प्रसाद वर्मा, योगेश महतो, मनोज झा, मीना मुंडा सहित कई मौजूद थे.

### डॉ वाजिद सक़ाफी ने किया जलसे का आयोजन

**रामगढ़**। रामगढ़ तोपा की बनवार बस्ती में रविवार को जश्न ए आमदे रसूल कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ मौलाना वाजिद अली सक़ाफी संरक्षक खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन रामगढ़ और संचालन खिदमत ए इंसानियत फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी मुनौवर सैफी ने की. जलसे में मुख्य अतिथि के रूप में नशिर ए मसलके आला हज़रत मौलाना इक़बाल अहमद मिस्बाही, हज़ारीबाग मुफ्ती इज़हार अहमद, अमजदी रामगढ़ मौलाना अल्हाज अबुल कलाम सकाफी औरंगाबाद ने जलसे को संबोधित किया. मौलाना इक़बाल मिस्बाही ने अपनी तक़रीर में कहा कि शादी ब्याह में हो रहे फिज़ूल खर्ची को रोक कर हमें समाज के लोगों को शिक्षित करने की ज़रूरत है.

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल या ड्रामा सेंटर चिकित्सकों ने मृत मरीज को भी कर दिया रेफर

- तीन घंटा पहले मृत मरीज को रांची रेफर करने वाले चिकित्सक सहित अन्य पर प्राथमिकी
- जान बचाने के लिए तीन ऑक्सीजन सिलेंडर भी निकले खाली

संवाददाता। हजारीबाग

मरीज रेफर सेंटर बन चुके शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में अस्पताल के ट्रामा सेंटर में काम करने वाले चिकित्सकों की एक बार फिर शर्मनाक और लापरवाही भरी करतुत सामने आयी है. चिकित्सकों ने यहां 26 सितंबर को सड़क दुर्घटना में इलाज के बाद दम तोड़ देने वाले मरीज को मौत के करीब ढाई घंटे बाद रांची रेफर कर दिए जाने का मामला सामने आया है. पूरे प्रकरण में इसे घोर लापरवाही बताते हुए मृत मरीज को रेफर करने वाले चिकित्सक सहित अन्य अज्ञात लोगों पर सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. आवेदन बड़ा बाजार निवासी उमेश यादव ने दी थी और बताया था कि शेख भिखारी मेडिकल की यह घटना 26 सितंबर संध्या करीब चार से सात बजे का है. हुरहुरु रोड में गो तस्करों द्वारा भागने के क्रम में दोपहर में उनके बड़े भाई काली चरण यादव को रौंद दिया था. उन्हें गंभीर स्थिति में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान संध्या 4 : 38 में पहुंचे चिकित्सक ने जांच के बाद परिजनों को मरीज की मौत हो जाने की सूचना दी और उसे पोस्टमार्टम हाउस ले जाने की सलाह दी. इसके बाद अस्पताल में परिजन रोने लगे और अन्य की प्रतीक्षा करने लगे. इसके बाद करीब साढ़े पांच बजे दुबारा पहुंचे परिजनों को चिकित्सक ने पुन : जांच कर मृत हो जाने की पर्ची जारी कर दी. आश्चर्य तो तब हो गया जब संध्या करीब सात बजे अस्पताल पहुंचे चिकित्सक ने मृत मरीज को गंभीर स्थिति में बताते हुए रांची रेफर कर दिया.

**सांस की दिक्कत होने पर लाया गया तीन ऑक्सीजन सिलेंडर, वो भी निकले खाली :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में प्रबंधन कितना सजग है और गरीब और असहाय मरीजों को किस प्रकार सेवा दे रही है.

चोरों ने घर में लगा दी सेंध

## दो घंटे के अंदर ले उड़े 12 लाख से अधिक के गहने और नगदी

संवाददाता। हजारीबाग

चोरी की घटनाएं तो विभिन्न क्षेत्रों में हो रही है, परंतु कटकमदाग थाना क्षेत्र के रामनगर में चोरों का आतंक कुछ ज्यादा हीं हो गया है. यहां चोर रात में नहीं दिन में हीं चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला रामनगर निवासी आशीष रंजन पांडेय पिता अशोक पांडेय के घर का है. चोरों ने दो घंटे के अंदर घर में ताला तोड़ कर प्रवेश किया और करीब 12 लाख रुपये के जेवरात व नगदी पर हाथ फेर दिया. इस बाबत कटकमदाग में आशीष रंजन ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी है. आवेदन में बताया है कि परिजन पड़ोस में करीब पौने एक बजे घर से निकल कर गए थे. जब पौने तीन बजे घर लौटे तो घर का ताला टूटा पाया. अंदर गए तो उनके होश उड़ गए. चोरों ने घर के दो ताला को तोड़ कर करीब 12 लाख रुपये के जेवर व नगदी ले गए. ढाई घंटे के अंदर हुई चोरी की घटना ने पूरे मोहल्ले वासियों को भयाक्रांत कर दिया है.

### नशेड़ियों का केंद्र बन गया है रामगनर क्षेत्र

लगातार चोरी और छिनतई की हो रही घटना को लेकर मोहल्लेवासियों ने बताया कि रामनगर और विष्णुपुरी के साथ साथ शिवदयाल नगर नशेड़ियों और आवारा लोगों का अड्डा बन गया है . रात में संध्या होते ही शराबी,जुआरी और नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है . जानकारी दी कि कटकमदाग थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण पुलिस की गश्ती यहां नहीं आती, जिसका फायदा चोर और बदमाश उठा रहे हैं .

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज : बैठक में लिए गए कई निर्णय, बोले

## हमारी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं : विकास

संवाददाता। हजारीबाग

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन में सोमवार को आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने की. इस दौरान प्रदेश विश्वकर्मा समाज के विभिन्न ज़िलों से प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी सदस्य उपस्थित हुए. राणा ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं से मिलकर विश्वकर्मा समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिये अपना पक्ष रखेगा. सभी राजनीतिक दलों ने विश्वकर्मा समाज को ठगने का काम किया है. आनेवाले विस चुनाव में विश्वकर्मा समाज की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्हों ने यह भी कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोग अब कार्यकर्ता बनकर नहीं नेतृत्व की



भूमिका में आकर काम करना चाहते है. जनसंख्या के आधार पर विश्वकर्मा समाज को राजीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए. बैठक में आमंत्रित अतिथि के रूप में अशोक राणा, बृजलाल राणा, संतोष कुमार, कृष्णा शर्मा, निर्मल, महावीर, त्रिवेणी राणा, महादेव राणा शामिल हुए.

**बैठक में लिए गए ये निर्णय :** बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, विधानसभा चुनाव में विश्वकर्मा समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए सभी दलों के शीर्ष नेताओं से मिलकर विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधिमंडल अपना पक्ष रखेगा. वहीं चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले और समाज से समर्थन मांगने वाले प्रत्याशी को संबंधित जिला कमेटी से अनुसंशा कराकर प्रदेश कमिटी को भेजना होगा. उनके समर्थन पर अंतिम निर्णय प्रदेश कमेटी का होगा. सभी जिला कमेटी के संगठन की मजबूती के लिए अपने जिले में प्रत्येक दो महीने में जिला कमेटी की बैठक एवं प्रखंड कमिटी की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करनी होगी.

## झारखंड के निशानेबाज अरविंद ने जीता गोल्ड

- ऋषभ ने किया डबल सिल्वर में किया अपने नाम

संवाददाता। चतरा

झारखंड के निशानेबाज़ अरविंद और ऋषभ ने चतरा राइफल क्लब के लिए बड़ी सफलता हासिल की है. अरविंद ने गोल्ड मेडल, जबकि ऋषभ ने डबल सिल्वर मेडल अपने नाम किया. यह उपलब्धि 26 से 29 सितंबर 2024 तक आसनसोल में आयोजित 8वीं ईस्ट जोन राइफल चैंपियनशिप में हासिल की गई, जिसमें 6 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. इस चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर, चतरा राइफल क्लब के कई खिलाड़ियों ने प्री-नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया. क्लब के संचालक नीतीश कुमार के नेतृत्व में टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.



### प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी

- तानु कुमारी (राइफल शूटर)
- पृथ्वीराज (राइफल शूटर)
- फरहान अख्तर (राइफल शूटर)
- फइक अख्तर (राइफल शूटर)
- आयुषी सिंह (राइफल शूटर)
- ऋषभ झा (राइफल शूटर)
- स्नेहा कुमारी (पिस्टल शूटर)
- विवेक राज (राइफल शूटर)
- ईशा रानी लिंडा (राइफल शूटर)

आईसेक्ट विवि

हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन, डॉ. मुनीष गोविंद बोले-

# हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारा अस्तित्व है

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट विवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के सहयोग से एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन विवि के मुख्य कैंपस के प्रशासनिक भवन परिसर में सोमवार को किया गया. बता दें कि हिंदी पखवाड़ा की शुरुआत बीते 14 सितंबर को की गई थी, जिसमें श्लोक वाचन, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद, कविता पर आधारित गायन, स्वरचित कविता पाठन सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी. सोमवार को समापन समारोह में सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. इससे पूर्व आईसेक्ट विवि के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा व वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार के हाथों दीप प्रज्ज्वलन व मां शारदे को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. सभी अतिथियों का परंपरागत स्वागत पम्मी के स्वागत गान के साथ किया गया. इसके बाद अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थी सनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की.

मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि न केवल हिंदी संवाद का माध्यम है बल्कि भारतीय संस्कृति और विचारों का प्रतिबिंब भी है. उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए आयोजन में सहभागिता के लिए सभी का उत्साहवर्धन भी किया. वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत में हिंदी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका है. यह देश के बहुसंख्यक आबादी की बोली एवं समझी जाने वाली प्रमुख भाषा है. ऐसे में हर क्षेत्र में हिंदी भाषा को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है.

उन्होंने कहा कि सही मायने में हिंदी भाषा को उसका दर्जा प्रदान करना है तो हम सबको हिन्दी को पूरी तरह अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा. उन्होंने कहा कि हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं कि जब भी हिंदी का ज़िक्र आता है, हिंदी और आगे बढ़ जाती है. हिंदी हमारे लिए केवल भाषा नहीं बल्कि हमारा अस्तित्व है. इस कार्यक्रम को डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष सबीता कुमारी, नेहा सिन्हा, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश, प्रभात किरण, कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ प्रीति व्यास आदि शमिल थे.

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में इन्हें किया गया पुरस्कृत

संगीत प्रतियोगिता में निलेश कुमार, आर्यन कुमार व सचिन कुमार, चित्रकला में आनंद कुमार कुशवाहा, निशि शर्मा व पवन कुमार दास, कविता में सार्थक कुमार, समर्थ कुमार व रानी कुमारी, इंटर स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में राखी यादव, रिया कुमारी व सदफ़ नाज़ जबकि स्नातक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रेम कुमार गुप्ता, रानी कुमारी व राजन कुमार, वाद-विवाद प्रतियोगिता के समुह एक में नितिन, हेरा फातिमा व डॉली कुमारी, वहीं समुह दो में हर्ष कुमार, प्रणय भारती व कुमारी दिव्या राणा को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ .

### चर्चित रिटायर्ड डीएसपी केदारनाथ राम ने थामा बीजेपी का दामन

**चतरा** ।सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ राम के भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही विशेष रूप से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक गलियारे में चर्चाएं तेज हो गई है. राम हजारीबाग जिले के चौपारण थाना अंतर्गत दैहर पंचायत के बोंगा सवैया गांव के रहने वाले हैं. वे अपनी आरंभिक शिक्षा दैहर मध्य विद्यालय से आरंभ होकर माध्यमिक परीक्षा चाईबासा से 1978 में उत्तीर्ण होने के बाद चतरा महाविद्यालय चतरा से 1983 में स्नातक तथा संत कोलंबस महाविद्यालय हजारीबाग से 1988 में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त किया. इसके बाद बिहार सरकार के द्वारा अवर सेवा चयन परिषद से पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर इनका चयन 16 अगस्त 1989 को हो गई.

झामुमो का मांडू विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

## मांडू विस सीट झामुमो का परंपरागत सीट है : फागू

**चरही** । सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में सोमवार को झामुमो का एक दिवसीय मांडू विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजन किया गया. आयोजन में मुख्य अतिथि झामुमो केन्द्रीय महासचिव सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा थे एवं विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया थे. कार्यकर्ता सम्मेलन कि अध्यक्षता एवं संचालन जिला संयोजक सदस्य नीलकंठ महतो ने किया. मौके पर फागू बेसरा ने कहा कि 17 सालों में भाजपा की सरकार ने राज्य को लुटा है. आज हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने राज्य के बहनों और माताओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपए देकर सम्मान दिया



है. उन्होंने कहा कि मांडू विस के कार्यकर्ता निश्चित रहे की इस बार मांडू विस सीट से झामुमो ही चुनाव लड़ेगी. चूंकि यह सीट झामुमो के परंपरागत सीट रही है.

वहीं केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि मांडू विस सीट झामुमो का गढ़ रहा है. कार्यक्रम में टेकोचंद महतो, गौरव पटेल, सगीर हुसैन, सोनाराम मांझी, इसराइल अंसारी, कुर्बान, अकाल उरांव, गीता विश्वास, अन्य मुखर्जी आदि मौजूद थे.

